GMVN

## –:वाहनों की नीलामी हेतु सार्वजानिक सूचना :–

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि होटल द्रोण देहरादून, पर्यटक आवास गृह भरतमूमि ऋषिकेश एंव निगम मुख्यालय परिसर में खड़े 05 टैम्पो ट्रैवलर्स , 01 जिप्सी, 03 एमबेस्डर, 01 स्कूटर एंव 01 मोटर साईकल वाहन की नीलामी निविदा के माध्यम से की जानी प्रस्तावित है।

निविदा दि0 19.12.2022 की अपरान्ह 1.00 बजे तक ही निविदा बाक्स मे डाली जा सकेगी जो कि उपस्थित निविदा दाताओ की उपस्थिति मे उसी दिन अपरान्ह 3.00 बजे खोली जायेगी । प्रत्येक वाहन के आरक्षित न्यूनतम विक्रय मूल्य तथा नीलामी की सेवा–शर्तो की जानकारी निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न है एंव सन्दर्भ हेतु निगम की वेब साइड www.gmvnonline.com पर भी देखी जा सकती है।

महा प्रबन्धक (पर्यटन)

# निविदा प्रपत्र

**यात्रा कार्यालय गढ़वाल मण्डल विकास निगम लिमिटेड के निष्प्रयोज्य 12 सीटर टैम्पो ट्रैवलर वाहनों हेतु प्रस्तावित निविदा प्रक्रिया में प्रतिभाग किये जाने हेतु नियम एवं शर्ते –**

1. निविदा टू बिड सिस्टम के आधार पर आमंत्रित की जायेगी जिसके अन्तर्गत प्रथम लिफाफे में तकनीकी निविदा एवं द्वितीय लिफाफे में वित्तीय निविदा जमा की जायेगी एवं उक्त दोनों सीलबन्द लिफाफों को अन्य सील बन्द लिफाफे जिस पर टैम्पो ट्रैवलर वाहनों हेतु निविदा लिखा होना चाहिए में डाला जायेगा।
2. निविदा प्रक्रिया के अधीन वाहन जैसा है, जहाँ है के आधार पर ही विक्रय किए जायेगें।
3. तकनीकी निविदा सम्बन्धी प्रपत्र में दी गयी सूचनाओं को पूर्ण एवं स्पष्ट रूप से भरा जाना अनिवार्य है किसी एक भी प्रविष्टि के अधूरा पाये जानें पर सम्वन्धित निविदादाता की वित्तीय निविदा नहीं खोली जायेगी ।
4. निविदा प्रपत्र का शुल्क रु0 1000+18 प्रतिशत जी0एस0टी0 अर्थात रु 1180.00 है, जो कि किसी भी कर्यालय दिवस में गढवाल मण्डल विकास निगम के मुख्यालय 74/1 राजपुर रोड से क्रय किया जा सकता है।
5. एक निविदा प्रपत्र के माध्यम से किसी एक अथवा पांचों वाहनों के लिए निविदा प्रस्तुत की जा सकती है।
6. निविदा प्रक्रिया में सम्मिलित होने हेतु प्रतिवाहन धरोहर धनराशि रु0 10,000/– की दर से जमा की जानी होगी। धरोहर राशि किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी नवीनतम एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0 के रुप में प्रबन्ध निदेशक ग0म0वि0नि0लि0 के पक्ष में बन्धक रखे जाते हुये जमा करनी होगी। नकद या ड्राफ्ट मान्य नही होगा।
7. निविदा प्रपत्रों का क्रय दिनाक 18.12..2022 की सांय 05 बजे तक गढवाल मण्डल विकास निगम के मुख्यालय 74/1 राजपुर रोड से किया जा सकता है तथा निविदा दिनांक 19.12.22 की अपराह्न 1 बजे तक ही डाली जायेगी एवं इसी तिथि को उपस्थित निविदादाताओं की उपस्थिति में अपराहन 3.00 बजे खोली जायेगी।
8. धरोहर धनराशि जमा ना करने एंव निविदा प्रपत्र अपूर्ण भरे जाने की दशा में प्रतिभागी/निविदादाता की वित्तीय निविदा को खोले जानें पर विचार नहीं किया जायेगा।
9. निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात असफल निविदादाताओं की धरोहर धनराशि वापिस कर दी जायेगी।
10. उच्चतम व सफल निविदादाता द्वारा निविदा की समस्त धनराशि कार्यालय स्तर से सूचित किये जानें के तीन कार्यालय दिवसों के अन्तर्गत जमा करानी अनिवार्य होगी अन्यथा की दशा में सम्बन्धित द्वारा जमा धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी ।
11. वाहन विक्रय मूल्य पर नियमानुसार जी0एस0टी0 देय होगा जो क्रेता द्वारा विक्रय मूल्य के साथ जमा किया जाना होगा।

12. किसी भी निविदादाता की निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का सम्पूर्ण अधिकार प्रबन्ध निदेशक ग0म0वि0नि0लि0 के पास सुरक्षित होगा।
13. निविदादाता नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने से पूर्व वाहनों का भली प्रकार से निरीक्षण कर सकते है। निविदा स्वीकृति के पश्चात उक्त विषयक किसी भी प्रकार का कोई अनुरोध स्वीकार नही होगा।
14. निष्प्रोज्य घोषित वाहनों में से 02 वाहन होटल द्रोण, देहरादून तथा 03 वाहन पर्यटक आवास गृह भारतमूमि ऋषिकेश के परिसर में अवलोकन हेतु उपलब्ध है। निविदादाता किसी भी कार्य दिवस मे श्री रायचंद सिंह रावत सहा0प्रबन्धक परिवहन यात्रा कार्यालय ऋषिकेश मो0न0 9568006657 पर संपर्क कर वाहनो का निरीक्षण कर सकते है।
15. सफल निविदादाता को विक्रय मूल्य की समस्त धनराशि कार्यालय में जमा कराने एवं अन्य औपचारिकताएं पूर्ण करने के उपरान्त वाहन को हस्तगत किये जाने की रसीद/ अनापत्ति प्रमाण पत्र यात्रा कार्यालय, ऋषिकेश द्वारा जारी किया जायेगा। उक्त रसीद /अनापत्ति प्रमाण पत्र को पर्यटक आवास गृह भरत भूमि ऋृषिकेश/होटल द्रोण देहरादून के प्रवन्धक को दिखाने के उपरान्त ही निष्प्रयोज्य वाहन सफल निविदादाता को हस्तगत किया जायेगा।
16. सफल निविदादाता द्वारा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण करने के उपरान्त सात दिन के अन्तर्गत निष्प्रयोज्य वाहन को अपने कब्जे में लिया जाना आवश्यक है अन्यथा रु0 1000/– प्रतिदिन की दर से अतिरिक्त धनराशि वसूल की जायेगी एवं उक्त दिवसों के उपरान्त निगम परिसरों में खडे नीलामी हुये वाहन की भौतिक क्षति के लिए निगम उत्तरदायी नहीं होगा।
17. किसी भी प्रकार के विवाद हेतु प्रबन्ध निदेशक गढ़वाल मण्डल विकास निगम लि0, का निर्णय अन्तिम एवं बाध्यकारी होगा तथा किसी भी प्रकार के न्यायिक विवाद हेतु देहरादून सक्षम न्यायालय होगा।
18. निविदा प्रक्रिया के दौरान स्थल पर अशान्ति उत्पन्न करने या दुर्भाव सन्धि (टेण्डर पूल) होने की दशा में नीलामी सम्बन्धित कार्यवाही स्थगित/निरस्त करने का संपूर्ण अधिकार प्रवन्ध निदेशक के पास सुरक्षित रहेगा।
19. प्रबन्ध निदेशक ग0म0वि0नि0लि0 को नीलामी के किसी भी स्तर पर नीलामी प्रक्रिया को विना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार होगा।
20. वाहनों का न्यूनतम आरक्षित मूल्य रु0 80000.00 (अस्सी हजार) प्रतिवाहन है एवं उक्त धनराशि से कम धनराशि हेतु किसी भी वाहन की निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
21. तकनीकी निविदा में सफल निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदा खोली जाऐगी।
22. निविदा में प्रतिभाग किये जाने हेतु निम्न प्रकार से दस्तावेजों की छायाप्रति निविदा प्रपत्रों के साथ संलग्न की जानी अनिवार्य होंगी –

    स्थायी पते के सत्यापन हेतु – आधारकार्ड/पैनकार्ड/वोटर आई0डी0/पासपोर्ट/राशन कार्ड में से कोई एक।

- आधारकार्ड की छायाप्रति।
- जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन/पंजीकरण की छाया प्रति ।
- धरोहर राशि विवरण।
- निविदा प्रपत्र कय विषयक प्राप्ति रसीद।.

# तकनीकी निविदा प्रपत्र

## (यात्रा कार्यालय गढवाल मण्डल विकास निगम लि0 के निष्प्रयोज्य टैम्पो ट्रैवलर वाहनों हेतु)

1. आवेदक का नामः– ..........................................................
2. पिता का नाम :– ..........................................................
3. आधार कार्ड विवरण ..........................................................
4. जी0एस0टी0 न0 ..........................................................
5. आयकर पेन नं0 :–..........................................................
6. निविदा प्रपत्र कय विवरण ..........................................................
7. वर्तमान पता :–..........................................................
..........................................................
8. स्थायी पता :–..........................................................
..........................................................
9. दूरभाष नम्बर :–..........................................................

| क्रं0 सं0 | वाहन संख्या | धरोहर राशि | एफ0डी0आर0 / सी0डी0आर0 संख्या विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | UK07TC-0318 | | |
| 2 | UK07TC-0324 | | |
| 3 | UK07TC-0334 | | |
| 4 | UK07TC-0341 | | |
| 5 | UK07TC-0384 | | |

प्रमाणित किया जाता है कि मैंने निविदा समबन्धी सभी नियम व शर्ते पढ़ लिए हैं तथा सभी नियम एवं शर्ते स्वीकार है। मैंने वाहनों का पूर्ण रुप से निरीक्षण भी कर लिया है।

( हस्ताक्षर )

आवेदक का नाम :–..........................................................
पता :–..........................................................
दूरभाष न0 :–..........................................

# वित्तीय निविदा प्रपत्र

(यात्रा कार्यालय गढवाल मण्डल विकास निगम लि0 के निष्प्रयोज्य टैम्पो ट्रैवलर वाहनों हेतु)

| क्रं0 सं0 | वाहन संख्या | निविदा धनराशि (अंको में) | निविदि धनराशि (शब्दों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | UK07TC-0318 | | |
| 2 | UK07TC-0324 | | |
| 3 | UK07TC-0334 | | |
| 4 | UK07TC-0341 | | |
| 5 | UK07TC-0384 | | |

उपरोक्तानुसार भरी गयी निविदा धनराशि पर नियमानुार लागू जी0एस0टी0 अतिरिक्त देय होगा।

प्रमाणित किया जाता है कि मैंने निविदा समबन्धी सभी नियम व शर्ते पढ़ लिए हैं तथा सभी नियम एवं शर्ते स्वीकार है। मैंने वाहनों का पूर्ण रुप से निरीक्षण भी कर लिया है।

( हस्ताक्षर )

आवेदक का नाम :–...........................................

पता :–...........................................

दूरभाष न0 :–...............................